# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, वस्त्र और परिधान क्षेत्र भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ–साथ लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका देता है।
2. प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए निरंतर प्रयासों पर बल दिया, कल एस सी ओ के छब्बीसवें शिखर सम्मेलन को करेंगे संबोधित।
3. महाराष्ट्र में राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन में केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने मसाला फसलों की उन्नत किस्मों और नवीन तकनीकों की दी जानकारी।
4. प्रशासन ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के परिवहन और मजदूरी नुकसान मुआवजे के दिशा–निर्देशों में किया संशोधन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ–साथ लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका प्रदान करता है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। फैशन उद्योग में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समारोह में शामिल करीब चार हजार विद्यार्थियों में लगभग पचासी प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने निफ्ट के विद्यार्थियों और पेशेवरों की पिछले चार दशकों की उपलब्धियों की सराहना की।

<><><><><><><>

बिश्केक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोफ के बीच बैठक जारी है। दो दिवसीय किर्गिस्तान दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने आज शंघाई सहयोग संगठन–एस सी ओ शिखर सम्मेलन से अलग ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन से द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री ने

कहा कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इससे पहले आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान से भी मुलाकात की और रक्षा, अर्थव्यवस्था, फार्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बिश्केक में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कल बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के छब्बीसवें शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिले के स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षकों के लिए शिक्षा निदेशालय के विज्ञान प्रकोष्ठ की ओर से तीन दिवसीय विज्ञान प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण तीन विद्यालयों राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अबरडीन, रविंद्र बांगला विद्यालय और राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। आज राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अबरडीन में प्रशिक्षण का समापन समारोह हुआ। इस अवसर पर उप–निदेशक शिक्षा, विज्ञान राम प्रवेश ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से सिद्धांत और प्रयोग के बीच की दूरी कम होती है। उन्होंने शिक्षकों से अपने विद्यालयों में अधिक से अधिक प्रयोग कराने और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के विभिन्न प्रयोग किए तथा प्रयोगशाला उपकरणों के सही उपयोग, सुरक्षा उपायों और प्रदर्शन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के अट्ठानबे विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

महाराष्ट्र के धापोली में हाल ही में 'सतत विकास के लिए नवाचार तकनीकों' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में आई सी ए आर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत ने मसाला फसलों पर संस्थान के

अनुसंधान और नवीन तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय तेजपत्ता, मालाबार इमली और दालचीनी की उन्नत किस्मों तथा प्रवर्धन तकनीकों पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में संस्थान द्वारा विकसित 'द्वीप सिनरब' दालचीनी छाल रगड़ने के उपकरण का प्रदर्शन भी किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों ने इन तकनीकों में रुचि दिखाई। इस अवसर पर एक सौ पचास से अधिक विद्यार्थियों को कृषि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया।

<><><><><><><>

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर चिन्मय मिशन श्री विजयपुरम की ओर से चार सितंबर को दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से समूह भजन प्रतियोगिता होगी, जिसमें कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। वहीं, दोपहर तीन बजे 'भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न रूप' विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9434–262–907 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के लिए परिवहन और मजदूरी नुकसान मुआवजे संबंधी दिशा–निर्देशों में संशोधन किया है। नए प्रावधान एक अगस्त 2026 से लागू हो गए हैं। संशोधित नियमों के तहत जी.बी. पंत अस्पताल से मुख्य भूमि के सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज के लिए भेजे गए मरीज अब इकोनॉमी क्लास से हवाई यात्रा कर सकेंगे। मरीज और एक सहायक के आने–जाने के हवाई यात्रा खर्च के लिए अधिकतम 40 हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाएगी। स्ट्रेचर की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए नकद रहित हवाई यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, सभी पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 20 दिनों तक प्रतिदिन एक हजार रुपये की मजदूरी नुकसान क्षतिपूर्ति दी जाएगी। संशोधित दिशा–निर्देश स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में नए डिग्री और डिप्लोमा छात्रों के लिए ए आई सी टी ई के अनिवार्य छात्र इंडक्शन कार्यक्रम 'आरंभ–2026 और प्रवेश–2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को उच्च शिक्षा के माहौल से परिचित कराना और संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के प्रति जागरूक करना था। समापन समारोह में डीब्रेट की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. सनमुख कौर ने छात्रों को आत्म–अनुशासन, धैर्य और एकाग्रता का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के साथ–साथ तकनीकी और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान अभिविन्यास सत्र, खेल–कूद, टीम निर्माण गतिविधियां, शैक्षणिक भ्रमण, साइबर सुरक्षा और नशा जागरूकता सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित स्विमिंग पूल रखरखाव कार्य के कारण कल बंद रहेगा। खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

<><><><><><><>